सोमवार, 24 फरवरी 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 19 |
| आर्द्रता | 83% |
| सूर्योदय: 6:01 | सूर्यास्त: 17:37 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अगर जिंदगी में कुछ पाना हो तो तरीके बदलो इरादे नहीं।



मोबाइल की लत बना रही है बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार

–पृष्ठ 2

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

दिल्ली की पिछली आप सरकार खजाना खाली छोड़कर गई हैं: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

(पृष्ठ 7)

# कोहली के 'विराट' शतक से जीता भारत

## पाकिस्तान टूर्नामेंट से लगभग बाहर

**दुबई :** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से हुई। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद शतक जड़ा। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दावेदारी पुख्ता कर ली है। अगर न्यूजीलैंड 24 फरवरी को होने वाले मुकाबले में बांग्लादेश को हरा देता है, तो भारतीय टीम का सेमीफाइनल बर्थ




कन्फर्म हो जाएगा। विराट कोहली के वनडे इंटरनेशनल करियर का ये 51वां शतक रहा। कोहली ने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया, साथ ही भारत को भी जीत दिलाई। कोहली 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे। भारत ने 242 रनों के टारगेट को 42.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया।

**कोहली ने श्रेयस के साथ की बेहतरीन साझेदारी**

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत उतनी अच्छी रही। भारत को पहला झटका पांचवें ही ओवर में लग गया, जब कप्तान रोहित शर्मा को शाहीन आफरीदी ने एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर दिया। रोहित ने 15 गेंदों पर 20 रन बनाए, जिसमें 3 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। रोहित के आउट होने के समय भारत का स्कोर 31 रन था। यहां से शुभमन गिल और विराट कोहली ने मिलकर पारी को संभाला। कोहली और शुभमन के बीच दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की पार्टनरशिप हुई। लेग-स्पिनर अबरार अहमद ने शुभमन गिल को आउट करके इस पार्टनरशिप का अंत किया। गिल ने 52 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे।

–पृष्ठ 8

## भाषा विवाद: तमिलनाडु में रेलवे स्टेशन पर हिंदी में लिखे नाम पर काला रंग पोता गया




**पोल्लाच्चि :** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक द्वारा केंद्र पर हिंदी थोपे जाने का आरोप लगाए जाने के बीच तमिल समर्थक कार्यकर्ताओं ने रविवार को यहां रेलवे स्टेशन पर हिंदी में लिखे स्थान के नाम पर काला रंग पोत दिया। वायरल वीडियो में कार्यकर्ता हिंदी में लिखे 'पोल्लाच्चि जंक्शन' पर काला पेंट करते दिखाई देते हैं, लेकिन अधिकारियों ने बाद में इसे सही कर दिया। दक्षिणी रेलवे के पालघाट मंडल ने सोशल मीडिया पर जारी अपडेट में कहा, ''आरपीएफ पोलाच्चि ने आरोपियों की पहचान कर ली है और रेलवे अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। इसे तुरंत ठीक कर दिया गया।'' तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक का भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ वाकयुद्ध जारी है और उसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया गया है। हालांकि केंद्र ने इस आरोप का खंडन किया है।

## बीएसएफ ने भारत में अवैध रूप से घुसने पर छह बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**शिलांग :** मेघालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने छह बांग्लादेशियों को पकड़ा है, जिनमें से कुछ पहले मुंबई में राजमिस्त्री का काम करते थे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी छह लोगों को शनिवार को तब पकड़ा गया जब वे रोजगार की तलाश में फिर मुंबई जाने के लिए बांग्लादेश से मेघालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ कर्मियों ने समन्वित अभियान चलाकर छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा, उनमें से चार पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले में और दो दक्षिणी गारो हिल्स जिले में पकड़े गये। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनमें एक महिला भी है जिसने अपने पति का इलाज कराने के लिए मुंबई जाने की योजना बनायी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी छह लोगों को संबंधित जिला पुलिस प्रशासन को सौंप दिया गया, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मेघालय की



बांग्लादेश के साथ 443 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा कठिन भौगोलिक आकृति, भूमि अधिग्रहण और अन्य मुद्दों के कारण बिना बाड़ के रह गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उमकियांग गांव में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कई घरों में तोड़फोड़ की और संदेह है कि ऐसा करने वाले ये बदमाश बांग्लादेशी नागरिक हैं। पुलिस के अनुसार इस संबंध में ग्रामप्रधान द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है जिसने बताया बदमाश ग्रामीणों की कई चीजें लेकर चंपत हो गये। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू की है।

## मैं, ट्रंप एवं मोदी बात करते हैं तो इसे लोकतंत्र को खतरा बताया जाता है: मेलोनी

**वाशिंगटन :** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने वैश्विक स्तर पर रूढ़िवादियों के प्रति वामपंथियों के ''दोहरे मानदंडों'' की आलोचना करते की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्वयं उनके (मेलोनी) जैसे नेता आपस में सहयोग करते हैं तो वामपंथी इसे ''लोकतंत्र के लिए खतरा'' बताते हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जब वामपंथी नेताओं के बीच इसी तरह का सहयोग होता है तो उसकी प्रशंसा की जाती है। मेलोनी ने रोम से 'वीडियो लिंक' के माध्यम से वाशिंगटन में 'कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' (सीपीएसी) को संबोधित करते हुए ट्रंप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप की जीत से वामपंथी घबराए हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री ने कहा, ''उनकी (वामपंथियों की) चिड़चिड़ाहट भय में बदल गई है, न केवल इसलिए कि रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि जब (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति) बिल क्लिंटन और (ब्रिटेन के पूर्व



प्रधानमंत्री) टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाया था तो उन्हें अनुभवी एवं प्रतिष्ठित राजनेता कहा गया। मेलोनी ने कहा, ''आज जब ट्रंप, मेलोनी, (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर) माइली या शायद मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है। यह दोहरा मापदंड है, लेकिन हम इसके आदी हो चुके हैं और अच्छी बात यह है कि चाहे वे हम पर कितना भी कीचड़ उछालें, लोग अब उनके झूठ पर विश्वास नहीं करते। नागरिक हमारे लिए वोट करते हैं।'' उन्होंने कहा कि लोग उन्हें वोट देते हैं क्योंकि ''हम स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, हम अपने देश से प्यार करते हैं, हम सुरक्षित सीमाएं चाहते हैं, हम व्यापार एवं नागरिकों को वामपंथी पागलपन से बचाते हैं और हम पारिवारिक जीवन की रक्षा करते हैं।'' उन्होंने कहा कि लोग उतने नासमझ नहीं हैं जितना वामपंथी उन्हें समझते हैं। मेलोनी ने कहा कि यूक्रेन सहित सहयोगियों के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ट्रंप के शासन में अमेरिका और यूरोप करीब बने रहेंगे। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती सप्ताहों में यूरोप और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। अमेरिकी नेता ने रूस से संपर्क साधा और यूरोप से दूर जाने की चेतावनी दी, जिससे उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति ट्रंप की प्रतिबद्धता को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। मेलोनी ने कहा, ''हमारे विरोधियों को उम्मीद है कि राष्ट्रपति ट्रंप हमसे (यूरोप से) दूर चले जाएंगे। वह एक मजबूत और प्रभावी नेता हैं तथा मैं शर्त लगाकर दावा कर सकती हूं कि जो लोग उनके अलग जाने की उम्मीद करते हैं, वे गलत साबित होंगे।''

## अमेरिका से पनामा निर्वासित किये जाने के कुछ दिन बाद 12 भारतीय दिल्ली पहुंचे

**नयी दिल्ली :** अमेरिका द्वारा पनामा निर्वासित किये गये 12 भारतीय नागरिक रविवार शाम लैटिन अमेरिकी देश से भारत लौट आये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वासित लोग नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर उतरे। यह अमेरिका द्वारा निर्वासन के बाद पनामा से लौटने वाले भारतीयों का पहला जत्था है। समझा जाता है कि ये 12 भारतीय उन 299 अवैध प्रवासियों में शामिल हैं, जिन्हें कुछ दिन पहले अमेरिका ने पनामा निर्वासित किया था।

## आज मुख्यमंत्री ममता डॉक्टरों से करेगी बातचीत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज डॉक्टर्स कन्वेंशन में शामिल होकर चिकित्सकों से बातचीत करेंगी। यह कन्वेंशन अलीपुर के धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, 'अभया मंच' के अलावा ज्वॉइंट फोरम ऑफ डॉक्टर्स के अधिकांश सदस्य बैठक में शामिल रहेंगे। आरजीकर आंदोलन में शामिल डॉक्टरों में से कई आज अलीपुर के धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होंगे। राज्य के डॉक्टरों और मुख्यमंत्री के बीच होने वाली चर्चा काफी महत्वपूर्ण होने वाली है।

## गुलाम मानसिकता वाले लोग विदेशी समर्थन से भारत की धार्मिक मान्यताओं का मजाक उड़ाते हैं: मोदी

**छतरपुर (मप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ पर आलोचनात्मक टिप्पणियों को लेकर नेताओं के एक वर्ग को रविवार को आड़े हाथों लिया और कहा कि गुलाम मानसिकता वाले लोग विदेशी ताकतों के समर्थन से देश की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला करते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र और कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए प्रयागराज में जारी महाकुंभ को '' एकता का महाकुंभ '' करार दिया। मोदी ने प्रयागराज में 144 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ के धार्मिक महत्व को रेखांकित किया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हो रहा है।



बागेश्वर धाम भगवान हनुमान से जुड़ा मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां हजारों लोग आते हैं। मोदी ने कहा, '' नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है। लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। उन्होंने कहा, हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी वेश में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हमारे मठ, मंदिरों पर हमारे संत, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग हमारे पर्व, परम्पराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर कीचड़ उछालने की ये हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं।''

## मेरे इस्तीफा देने से शांति लौटती है और नाटो सदस्यता मिलती है तो मैं तैयार हूं : जेलेंस्की

**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यदि उनके राष्ट्रपति पद छोड़ने से शांति लौटती है और यूक्रेन को नाटो की सदस्यता मिलती है तो वह इसके लिए तैयार हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के तीन वर्ष पूरे होने पर कीव में सरकारी अधिकारियों के एक मंच पर जेलेंस्की ने कहा कि यदि ऐसा करने से नाटो सैन्य गठबंधन की सुरक्षा की छत्रछाया में उनके देश को स्थायी शांति प्राप्त होती है तो वह पद छोड़ने को तैयार



हैं। जेलेंस्की ने एक पत्रकार के इस सवाल पर कि क्या वह शांति के लिए अपना पद छोड़ देंगे, कहा, अगर शांति हासिल करने के लिए आपको वाकई मेरे पद छोड़ने की जरूरत है तो मैं तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैं इसे नाटो के लिए छोड़ सकता हूं। जेलेंस्की की टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हाल के सुझावों पर लक्षित प्रतीत होती है कि यूक्रेन में चुनाव होने चाहिए, जबकि यूक्रेनी कानून मार्शल लॉ के दौरान चुनाव कराने पर रोक लगाता है।

## महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 62 करोड़ के पार पहुंचा



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** आस्था के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने कोने से श्रद्धालुओं का आगमन रविवार को भी जारी रहा और 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान के साथ डुबकी लगाने वालों की संख्या 62 करोड़ को पार कर गई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, रविवार को शाम आठ बजे तक 1.32 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अभी तक 62.06 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी गंगा और त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, नेपाल से 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर चुके हैं। अब तक डुबकी लगाने वालों की कुल संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया।

## भारत महिला शांति सैनिकों पर दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मिशन में महिला शांति सैनिकों के योगदान पर सोमवार से दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस सम्मेलन में 'ग्लोबल साउथ' के सैन्य योगदान देने वाले 35 देशों की महिला शांति सैनिक एक साथ कार्यक्रम में भाग लेंगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) के सहयोग से किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''महिला शांति सैनिकों के लिए पहला सम्मेलन 'शांति स्थापना में महिलाएं: ग्लोबल साउथ के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर 24 और 25 फरवरी को नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।''

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## गैर संक्रामक रोगों के विरुद्ध बड़ी पहल

देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी।

दरअसल, हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 फीसदी पुरुष व करीब सात फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुआ है तो महिलाओं में यह बारह फीसदी से बढ़कर बीस फीसदी हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है। जिसमें 13 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में गैर संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में 45 फीसदी भूमिका हृदय रोगों, स्ट्रोक व उच्च रक्तचाप की है। वहीं बाइस फीसदी मौतें सांस संबंधी बीमारियों के चलते होती हैं। वहीं दूसरी ओर बारह फीसदी मौतें कैंसर से व तीन प्रतिशत मौतें मधुमेह से होती हैं। हालांकि, देश के तीस साल से अधिक उम्र के नब्बे करोड़ लोगों का आंकड़ा जुटाना कठिन कार्य है, लेकिन कोरोना काल में हमने वैक्सीनेशन अभियान के जरिये दुनिया में एक मिसाल कायम की है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि आंकड़े जुटाने की मुहिम से देश मे स्वास्थ्य के प्रति चेतना जाग्रत होगी। लोग सेहत के प्रति जागरूक होंगे। यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो कई रोगों को भगा सकते हैं। वैसे भी यदि समय रहते इन गैर संक्रामक रोगों का पता चलता है तो समय रहते इनका उपचार भी संभव है। निश्चित रूप से हम इलाज पर होने वाले बड़े खर्च को कम कर सकते हैं। इससे हम स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

# लोककला के नाम पर अश्लीलता का तड़का



प्रियंका सौरभ

एक ओर जहाँ कई लोग संस्कृति को प्रमोट करने के लिए अपना करियर, अपनी मेहनत और अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं तो कोई हमारी संस्कृति को इस तरह से बदनाम कर उसे अश्लील गानों के साथ परोस रहे हैं। अब आप ही सोचिए की अगर हमें ऐसी अश्लीलता ही दिखानी है या देखनी है तो आने वाले समय पर हम संस्कृति के नाम पर क्या करेंगे और क्या-क्या होगा? कला का सहारा लेकर कुछ लोग कम समय में चर्चित होना चाहते हैं। मशहूर होना है तो अपने हुनर से हों। चर्चा में रहने के लिए कला और अपनी संस्कृति से खिलवाड़ करना एकदम ग़लत है। ऐसे कलाकारों को सजा होनी चाहिए। अश्लीलता फैलाने के लिए कुछ लोग कला की आड़ ले रहे हैं। अश्लील नाटक, गीतों का मंचन करने वाले कलाकार ही नहीं बल्कि वे आयोजक और संयोजक भी दोषी है, जो ऐसी प्रस्तुतियों को बढ़ावा देते हैं। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुज़ुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज़ के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएँ, नायक-नायिकायें धीरे'-धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नज़र का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार ज़रूरी हो सकता है।

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि ' विदेशी / वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फ़िल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने ज़ोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फ़िल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस क़दर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस क़दर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस क़दर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा। अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरुआत तो फ़िल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे

**अश्लीलता फैलाने वाले कलाकारों पर लगे बैंन, ग़लत दृश्य दिखाना, अश्लील नाटकों-गीतों का मंचन समाज से खिलवाड़।**

रोकने का कोई सकारात्मक क़दम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मर्यादा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है।

यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है। बाज़ार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज़्यादा सूचनाएँ पहुँचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मर्यादा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज़्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिकमिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुँची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहाँ गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गयी है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आये हैं। वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अलफाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज़ में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज़ 'जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने' जैसा है।

यही अंदाज़ संस्कृति पर गहरी चोट मार रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाज़ार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतो का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशो का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, चलने वाले विभिन्न जीप-कार, बसों में जो गीत सुनने को मिलते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज़ साफ़ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुज़ुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज़ के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएँ, नायक-नायिकायें धीरे'-धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नज़र का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार ज़रूरी हो सकता है। आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है जो कि हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज़्यादा हानिकारक है। अब गीत के कलाकार, गायक, निर्माता ऐसा क्यों कर रहे हैं ये तो बड़ा सवाल है?

या फिर हो सकता है कि दर्शकों को लुभाने या फिर गाने के नाम पर अश्लीलता परोसा कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ये सब किया जा रहा हो लेकिन बदनाम संस्कृति व लोककला से जुड़े लोग भी हो रहे हैं। एक ओर जहाँ कई लोग संस्कृति को प्रमोट करने के लिए अपना करियर, अपनी मेहनत और अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं तो कोई हमारी संस्कृति को इस तरह से बदनाम कर उसे अश्लील गानों के साथ परोस रहे हैं। अब आप ही सोचिए की अगर हमें ऐसी अश्लीलता ही दिखानी है या देखनी है तो आने वाले समय पर हम संस्कृति के नाम पर क्या करेंगे और क्या-क्या होगा? कला का सहारा लेकर कुछ लोग कम समय में चर्चित होना चाहते हैं। मशहूर होना है तो अपने हुनर से हों। चर्चा में रहने के लिए कला और अपनी संस्कृति से खिलवाड़ करना एकदम ग़लत है। ऐसे कलाकारों को सजा होनी चाहिए। अश्लीलता फैलाने के लिए कुछ लोग कला की आड़ ले रहे हैं। अश्लील नाटक, गीतों का मंचन करने वाले कलाकार ही नहीं बल्कि वे आयोजक और संयोजक भी दोषी है, जो ऐसी प्रस्तुतियों को बढ़ावा देते हैं।

# मोबाइल की लत बना रही है बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार



बाल मुकुन्द ओझा

अनेक अध्ययन रिपोर्टो में देश और दुनिया में बढ़ते वर्चुअल आटिज्म के खतरे से सावचेत किया जा रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं किकम उम्र में बच्चों को फोन थमाने से उनकामानसिक विकास प्रभावित होताहै. इतना ही नहीं, मोबाइल, गैजेट्स और ज्यादा टीवी देखने की लत बच्चों काभविष्य खराब कर रहीहै। इससे उनमें वर्चुअल आटिज्म का खतरा बढ़ रहा है। आज घर घर में बच्चे धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य के लिए कितनी खतरनाक है। प्रगति और विकास की अंधी दौड़ में हम अपने बच्चों को उन बीमारियों की और धकेल रहे है जिससे उनका शारीरिक और विशेषकर मानसिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऐसी ही बच्चों की एक घातक बीमारी को चिकित्सक आटिज्म के नाम से सम्बोधित करते है। यह बीमारी मोबाइल फोन से सम्बंधित है। दुनिया भर में हुई तमाम रिसर्च और रिपोर्टे बताती हैं किकम उम्र में बच्चों को फोन थमाने से उनकामानसिक विकास प्रभावित होताहै। इतना ही नहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक मोबाइल, गैजेट्स और ज्यादा टीवी देखने की लत बच्चों काभविष्य खराब कर रहीहै। इससे उनमें वर्चुअल आटिज्म का खतरा बढ़ रहा है। आज के दौर में फोन ही जीवन का आधार हो गया है। हर किसी को स्मार्टफोन और इंटरनेट की लत लगी है। आज देश के घर घर में स्मार्ट फोन ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। देखा जा रहा है अभिभावक अपने बच्चों के सामने बेबस है।

बच्चे जब रोते हैं या किसी चीज के लिए जिद करते हैं तो अक्सर मां-बाप पीछा छुड़ाने के लिए बच्चोंको मोबाइलया कोई और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट थमा देते हैं। इससे बच्चा शांत तो हो जाता है लेकिनइससे उसे कई घंटेस्क्रीन के सामने बिताने की लत लग जाती है। यह परिपाटी केवल एक घर



की नहीं अपितु घर घर की है। घर में बच्चे के लिए दूध भलेही न मिले मगर मोबाइल चलाने के लिए डेटा अवश्य मिल जायेगा। सब्जी लाने के लिए जेब खा ली है मगर इंटरनेट के लिए जुगाड़ हो जाता है। यह प्रचलन आजकल काफी आम हो गया है।

मोबाइल फोन,टीवी, टैबलेट, कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक इन सबसे बच्चों में आटिज्म की बीमारी बढ़ रही है और उनकी सोशल कम्युनिकेशन और बिहैवियर स्किल्स प्रभावित हो रही हैं। इसमें बच्चों से माता-पिता का संवाद कम होना, बच्चों का बहुत ज्यादा अकेले में रहना, स्क्रीन टाइम यानी टीवी, मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग करना आदि कारण शामिल हैं।

अमेरिकी ग़ैर-सरकारी संस्था सेपियन लैब्स की रिपोर्ट के मुताबिक़ कम उम्र में जब बच्चों को स्मार्टफ़ोन दिए जाते हैं तो युवावस्था आते-आते उनके दिमाग़ पर विपरीत असर दिखने लगता है। यह रिपोर्ट 40 देशों के 2,76,969 युवाओं से बातचीत करके तैयार की गई है और ये सर्वेक्षण इसी साल जनवरी से अप्रैल महीने में किया गया। इन 40 देशों में भारत भी शामिल है। बेहद चौंका देने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 74 फ़ीसदी महिलाएँ, जिन्हें 6 साल की उम्र में स्मार्टफ़ोन दिया गया था, उन्हें युवावस्था में मेंटल हेल्थ को लेकर परेशानी आई। जिन लड़कियों को 10 साल की उम्र में स्मार्टफ़ोन दिया गया, उनमें 61 फ़ीसदी का एमसीक्यू स्तर कम या ख़राब रहा। कुछ ऐसा ही हाल 15 साल की 61 फ़ीसदी लड़कियों का रहा।

पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी स्मार्टफोन से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में बच्चों में वर्चुअलऑटिज्म के मामलों की संख्या में पिछले एक दशक में तीन से चार गुना वृद्धि देखी गई है। मां-बाप के बीच एक यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि वो अपने बच्चों का मन बहलाने के लिए उन्हें कहानी या लोरियां सुनाने की जगह मोबाइल फोन और अन्य गैजेट पकड़ा देते है। इस सामाजिक और मानसिक समस्या से छुटकारा पाने के लिए यह जरुरी है की माता पिता पहले अपनी आदतों में सुधार करे फिर अपने बच्चों को सुधारे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 फरवरी, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष एकादशी, 13:40 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 18:46 तक, योग : सिद्धि, 09:56 तक, सूर्योदयः 6:03, सूर्यास्तः 17:37, चन्द्रोदय : 03:06, चन्द्रास्तः 13:49, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 07:31 से 08:57

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी बातों से जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृष :** आज आपके कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। किन्तु आपको कोशिश नहीं छोड़नी चाहिये।

**मिथुन :** आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अनावश्यक चिन्ता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आज मित्र आपका काफी सहयोग करेंगे। जिसके कारण आप तनावमुक्त महसूस कर सकते हैं। राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे।

**सिंह :** आज दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी के दौरान संयम रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिये।

**कन्या :** आज परिजनों से सलाह लेना आपके लिये लाभकारी होगा। विवाहेतर सम्बन्धों को लेकर थोड़ी निराशा रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**तुला :** आज सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नयी शुरुआत कर सकते हैं। नये सम्पर्कों का लाभ उठायेंगे। नौकरीपेशा लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम सम्बन्धों को लेकर चल रहा तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक :** आज कारोबार में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक सम्बन्धों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**धनु :** आज नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ हंसी मजाक के दौरान के साथ शाम बितायेंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे।

**मकर :** आज किसी रोग से परेशान हो सकते हैं। पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा। जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**कुम्भ :** आज आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। पति-पत्नी के आपसी सम्बन्ध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोत्तरी होगी।

**मीन :** आज कारोबार में नये ऑर्डर मिल सकते हैं जो आपके लिये काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। समाज में आपकी छवि मजबूत रहेगी।

## विदेश की खबरें

### उत्तरी पेरू में 'शॉपिंग मॉल' में छत गिरने से छह लोगों की मौत, 78 घायल

**लीमा :** पश्चिमोत्तर पेरू में एक 'शॉपिंग मॉल' के 'फूड कोर्ट' की छत गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 78 अन्य लोग घायल हो गए। देश के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। 'फूड कोर्ट' मॉल में वह जगह होती है जहां विभिन्न रेस्तरां एवं भोजनालय होते हैं। ला लिबर्टाड क्षेत्र के ट्रजिलो शहर में स्थित 'रियल प्लाजा ट्रूजिलो' शॉपिंग मॉल में लोहे से बनी भारी छत शुक्रवार रात वहां मौजूद लोगों पर गिर गई। रक्षा मंत्री वाल्टर एस्टुडिलो ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि 'ला लिबर्टाड' में स्थानीय अग्निशमन कर्मियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इमारत ढहने के बाद पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एस्टुडिलो ने बताया कि 30 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है और 48 अब भी अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। मंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। स्थानीय अग्निशमन विभाग के प्रमुख लुइस रोन्कल ने बताया कि बचाव एवं राहत कार्य जारी है। इस बीच, 'ट्रूजिलो' के मेयर मारियो रेयना ने "आसन्न जोखिम के कारण" मॉल को बंद करने की घोषणा की।

### पोप की किडनी में गड़बडी के संकेत

**रोम :** पोप फ्रांसिस की हालत रविवार को भी गंभीर बनी हुई है और रक्त परीक्षण से पता चला है कि उनकी किडनी में कुछ गड़बड़ी पैदा हो गई है। वेटिकन ने यह जानकारी दी। हालांकि पोप ने प्रार्थना सभा में भाग लिया। पोप फ्रांसिस (88) निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं। कुछ रक्त परीक्षणों में किडनी में गड़बड़ी का पता चला है लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि यह नियंत्रण में है। शनिवार को पोप के 'प्लेटलेट काउंट' में कमी का पता चला था। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें दवा दी जा रही है। इससे पहले वेटिकन ने कहा था कि सांस संबंधी समस्या तथा रक्त चढ़ाए जाने के बाद रविवार को उन्हें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन दी जा रही है।

### शांतिरक्षा प्रयासों का आधार बना हुआ है भारत, महिला शांतिरक्षा कर्मियों का अहम योगदान: संरा अधिकारी

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा प्रमुख ने कहा है कि भारत अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के शांति प्रयासों का आधार बना हुआ है और इसकी महिला शांतिरक्षकों ने साबित किया है कि कि महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व वाले मिशन के परिणाम बेहतर होते हैं और वे स्थायी शांति में योगदान देते हैं। शांतिरक्षा अभियानों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव जीन-पियरे लैक्रोइक्स भारत द्वारा 24-25 फरवरी को आयोजित किए जा रहे 'शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका बढ़ाना: एक 'ग्लोबल साउथ' अनुभव' सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली की यात्रा करेंगे। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है। लैक्रोइक्स ने यहां 'पीटीआई' से एक विशेष साक्षात्कार में कहा, "भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मिशन का आधार बना हुआ है" और "भारतीय महिला शांतिरक्षा कर्मी शांति स्थापना को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं।" उन्होंने कहा कि भारत में सम्मेलन में भाग लेना "सौभाग्य" की बात है। लैक्रोइक्स ने कहा कि यह सम्मेलन 'ग्लोबल साउथ' के लगभग 50 देशों की महिला अधिकारियों को साथ लाएगा, जो शांति स्थापना में उभरती चुनौतियों और शांति एवं सुरक्षा को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करेंगी।

उन्होंने सम्मेलन से पहले लिखित साक्षात्कार में कहा, "शांतिरक्षा प्रयासों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि का मतलब है- शांति स्थापना का अधिक प्रभावी होना। भारत लंबे समय से शांतिरक्षा अभियानों में महिलाओं, शांति और सुरक्षा को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3014

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | | | 10 | ■ | 11 | | 12 | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 |
| 16 | 17 | 18 | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | | | ■ | |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | | 26 | |
| | ■ | 27 | ■ | 28 | 29 | | ■ | | ■ |
| 30 | | | | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 2) न्यायालय में अर्ज़ीनामा, 4) हतोत्साहित; निराश, 6) अपनापन, 8) छाछ, 9) आदरणीय, 11) बराबरी का, 13) लड़का; शिशु, 14) बहुत अधिक; सीमा, 16) बूँद-बूँद करके गिरना, 20) गति, 21) सोना, 22) एक मादक पेय, 23) कूचा, 24) रिश्वत, 25) उकसाना; भड़काना, 28) रद्दीकृत, 30) कृतघ्न, 31) दुःखगाथा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) हलकी गरमी, 2) रात, 3) उद्देश्य; उपयोग; धंधा, 4) नाना, 5) अपरोक्ष; सामने, 7) नई मूँछ, 10) एक नदी, 12) गुणग्राहक, 15) आज्ञापत्र, 17) उलझन; रहस्य; *पज़ल*, 18) एक दो; घटाया; सीमित, 19) आरंभिक; पहला, 22) विनोद-प्रिय; विदूषक, 23) पेचीदा; अबोध्य, 25) प्रत्येक; हर एक, 26) लांछन, 27) बिल्कुल सही, 29) रघुवीर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | म | द | ■ | अं | क | ग | णि | त |
| रा | ■ | का | म | या | ब | ■ | ह | ■ | र |
| म | ग | न | ■ | च | र | प | रा | ■ | की |
| दा | ल | ■ | पा | ना | ■ | सं | ■ | स | ब |
| ■ | त | ल | क | ■ | बा | द | ■ | मं | ■ |
| सा | फ | ■ | शा | य | द | ■ | अं | द | र |
| ■ | ह | म | ला | ■ | शा | न | दा | र | ■ |
| अ | मी | र | ■ | मे | ह | ■ | ज | ■ | बा |
| भी | ■ | ना | का | म | ■ | अ | न | प | ढ़ |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2974

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 5 | 3 | | 8 | | | |
| | 3 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | 4 | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 1 | | | | |
| | | | | 2 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 2973 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |

# सभी राजनीतिक दलों को राज्य में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और 'जनसांख्यिकी में बदलाव' से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए। इस दिन, विपक्ष के नेता ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित राज्य राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का इससे इनकार करना, हैरान करने वाला है और यह घुसपैठ रोकने के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देखिए कि अंसारुल्ला बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन बंगाल के जिलों में कैसे अपना आधार फैला रहे हैं। देखिए कि कैसे जनसांख्यिकी बदल रही है, खासकर सीमावर्ती जिलों में। पुलिस और राज्य प्रशासन क्या कर रहे हैं, वे आंखें फेरे हुए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एनआरसी के सख्त कार्यान्वयन से ही 'घुसपैठियों' को बाहर निकाला जा सकता है और 'विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले जिहादी तत्वों' का पता लगाया जा सकता है। भाजपा नेता ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को एनआरसी का समर्थन करना चाहिए। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो हम बंगाल में एनआरसी लागू करेंगे।



**❑ महाकुंभ को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा नेता ने बोला हमला**

शुभेंदु अधिकारी ने नकारात्मक टिप्पणी करके और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर 'महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन का अपमान' करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की भी आलोचना की। भाजपा नेता अधिकारी ने कहा कि टीएमसी ने महाकुंभ जैसे पवित्र अवसर का अपमान किया है। मुझे पता लगा है कि कम से कम 40 तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है। टीएमसी के नेता सार्वजनिक रूप से कुछ और कहते हैं और बाद में अलग राग अलापते हैं। जब वे परेशानी में पड़ते हैं तो भगवान को याद करते हैं।

## 'भूतिया' वोटरों को हटाने के लिए सूची लेकर सड़कों पर उतरे चंपाहाटी के उप प्रमुख

**✒ नवान्न की चेतावनी के बाद 'एक्शन मोड' में प्रशासन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** वोटर सूची में अनधिकृत मतदाताओं के नाम शामिल होने के मामले के बाद नवान्न ने कड़ी चेतावनी दी है। जिसके बाद, दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन अब 'एक्शन मोड' में है। चंपाहाटी ग्राम पंचायत की उपप्रधान मिताली गाइन मंडल ने फिर से वोटर सूची की जांच करने के लिए घर-घर जाकर स्क्रूटनी शुरू कर दी है। पिछले पंचायत चुनाव के दौरान बारुईपुर के चंपाहाटी विधानसभा क्षेत्र में 18,200 मतदाता थे, लेकिन अचानक यह संख्या बढ़कर 22,400 हो गई। रविवार को चंपाहाटी ग्राम पंचायत के पियाली 41 नंबर बूथ और चंपाहाटी 26 नंबर बूथ की सूची लेकर प्रशासन सड़क पर उतरा। जिन लोगों के नाम सूची में जोड़े गए हैं, उन्हें लेकर स्थानीय लोग बताते हैं कि वे इलाके के निवासी नहीं हैं। अधिकांश के घर मालदह, मुर्शिदाबाद और सिलिगुड़ी में हैं। यह सवाल उठ रहा है कि कैसे अन्य जिलों के निवासियों के नाम वोटर सूची में शामिल हुए।

चंपाहाटी पंचायत के 26 नंबर बूथ की सदस्य उपप्रधान मिताली गाइन मंडल घर-घर जाकर उन मतदाताओं के नाम ढूंढने की कोशिश कर रही हैं। 41 नंबर बूथ पर पिछले लोकसभा चुनाव में वोटर संख्या 1053 थी, जबकि अब यह संख्या बढ़कर 1357 हो गई है। इसी तरह, 26 नंबर बूथ पर भी स्थिति वही है, जिससे यह मामला और भी गंभीर बन गया है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण 25 फरवरी को आएंगी कोलकाता



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले मंगलवार को कोलकाता आ रही हैं। वह यहां एक वाणिज्यिक संगठन के सम्मेलन को संबोधित करेंगी। बैठक के अलावा उनका एक प्रेस कांफ्रेंस भी आयोजित करने का कार्यक्रम है। बता दें कि वित्त मंत्री पहले ही बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में बंगाल सरकार और तृणमूल नेतृत्व की आलोचना कर चुकी हैं। निर्मला ने ममता बनर्जी सरकार के उद्योग-विरोधी रुख के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था में समग्र गिरावट के बारे में भी बात की है।

## बार काउंसिल के साथ बैठक के बाद वकीलों ने सोमवार की हड़ताल ली वापस

**कोलकाता, समाज्ञा :** बार काउंसिल के साथ बैठक के बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। बैठक में बार काउंसिल ने वकीलों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के मसौदे में वकीलों और काउंसिलों के तर्कों पर विचार किया जाएगा। इस तरह का आश्वासन मिलने के बाद सोमवार को राज्यव्यापी हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय सहित राज्य भर की अदालतों के वकीलों ने घोषणा की थी कि वे अपने अधिकारों की मांग के लिए आंदोलन में शामिल होंगे। इसका परिणाम यह हुआ कि काम ठप्प हो गया। लेकिन हड़ताल का निर्णय हटा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता विधेयक में हाल ही में संशोधन किया गया है। पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने आरोप लगाया कि नए नियम संशोधन अधिनियम वकीलों के हड़ताल करने के अधिकार को छीन रहा है। वकीलों ने इसका विरोध करने के लिए हड़ताल का आह्वान किया था। पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के सदस्यों ने शुक्रवार को संशोधन अधिनियम पर चर्चा के लिए बैठक की। यहीं पर हड़ताल का निर्णय लिया गया। हालांकि, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और राज्य बार काउंसिल के बीच बैठक सफल रही, इसलिए वकील सोमवार को मामले की सुनवाई करेंगे।

# भाजपा के पांच वरिष्ठ नेता करेंगे नए जिला अध्यक्षों का चयन

**✒ भाजपा का बिधान-नगर कार्यालय संभावित जिला अध्यक्षों के नाम कर रहा हैं एकत्र**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक चुनाव का दौर चल रहा है। बूथ और मंडल चुनाव के बाद इस बार जिला अध्यक्षों के चुनाव की बारी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती, संयुक्त महासचिव (संगठन) सतीश डंड, केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक अमित मालवीय - इन पांच लोगों के पास



नया जिला अध्यक्ष चुनने का अधिकार होगा। स्टेट रिटर्निंग अफसर (एसआरओ) दीपक बर्मन उनकी सहायता करेंगे। भाजपा का बिधान-नगर कार्यालय फिलहाल संभावित जिला अध्यक्षों के नाम एकत्र कर रहा है। उनका पहला दिन शनिवार था। यह प्रक्रिया रविवार को भी जारी रही। डिस्ट्रिक्ट रिटर्निंग अफसर (डीआरओ) और पर्यवेक्षकों ने संयुक्त रूप से प्रत्येक संगठनात्मक जिले से कम से कम तीन संभावित जिला अध्यक्षों के नाम प्रस्तुत किए हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, उत्तर बंगाल के विभिन्न जिलों, कांथी, तमलुक और श्रीरामपुर जैसे संगठनात्मक जिलों से सूची एकत्र करने की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई है। कोलकाता और पड़ोसी जिलों से सूची एकत्र की जा सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हालांकि, संभावित अध्यक्षों के तीन नाम मांगे गए थे, लेकिन कई जिलों में यह सूची दोहरे अंक तक पहुंच गई है। सूची एकत्र करने के बाद पांच सदस्यीय समिति एसआरओ की सहायता से जिला अध्यक्ष पर अंतिम निर्णय लेगी। जिला अध्यक्षों के लिए ऊपरी आयु सीमा 60 वर्ष निर्धारित की गई है।

# ममता ने 27 फरवरी को सभी स्तर के तृणमूल नेताओं की बुलाई बैठक

**बैठक में जिला पदाधिकारी, अध्यक्ष, सांसद, विधायक और शाखा संगठन प्रमुख मौजूद रहेंगे**

**✒ अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही हैं बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी 27 फरवरी को नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी के सभी स्तर के नेताओं के साथ बैठक करने जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में महत्वपूर्ण जिला पदाधिकारी, अध्यक्ष, सांसद, विधायक और शाखा संगठन प्रमुख मौजूद रहेंगे। तृणमूल नेताओं के एक बड़े वर्ग का मानना है कि यह बैठक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है। बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर



में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में ममता ने घोषणा की थी कि वे सभी स्तरों पर नेताओं के साथ बैठक करेंगी। तदनुसार, टीएमसी नेत्री ने गुरुवार को सुबह 11 बजे से बैठक आयोजित करने का आह्वान किया। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर कुछ संगठनात्मक बदलाव पहले ही किए जा चुके हैं। तृणमूल के एक सूत्र का कहना है कि इस बैठक के बाद राज्य में कुछ और संगठनात्मक बदलाव हो सकते हैं। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, बैठक में पार्टी ममता उस रूपरेखा को लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश दे सकती हैं। ममता नेताओं के सामने बजट की रूपरेखा प्रस्तुत कर सकती हैं कि पार्टी किस तरह बजट को लागू करेगी, उसका प्रचार करेगी और आम लोगों तक कैसे पहुंचेगी। वह विकास कार्य कैसे किया जाए, इस पर भी संदेश दे सकती हैं। तृणमूल के एक सूत्र का कहना है कि आने वाले दिनों में कई नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों में बदलाव हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि यह फेरबदल मार्च के पहले सप्ताह में हो सकता है।

### सांगठनिक बैठक से पहले कालीघाट में ममता-अभिषेक ने की बैठक

27 फरवरी को नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस की सांगठनिक बैठक पर सिर्फ पार्टी नेताओं की ही नजर नहीं है, बरन विपक्ष भी उक्त बैठक के क्रिया कलापों के इंतजार में है। यहां पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी स्वयं कई बड़े ऐलान कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि सांगठनिक फेरबदल के साथ ही कई नेताओं के पर कतरे जा सकते हैं। लेकिन उक्त बैठक से पहले ममता और अभिषेक बनर्जी ने एक खास बैठक की। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार की दोपहर अपने कालीघाट स्थित आवास पर पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ कई मुद्दों व सम्भावित बदलाओं व विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।

## ढाकुरिया में दिनदहाड़े महिला के गले से हार छीनकर भागे बदमाश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के ढाकुरिया इलाके में एक महिला से छिनतई की घटना सामने आयी है। आरोप है कि बाइक पर सवार कुछ अपराधियों ने महिला के गले से हार छीन कर भाग गए। घटना के बाद गरफा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब चार बजे ढाकुरिया के झील रोड पर यह घटना घटी। पियाली दे राय नामक महिला ने शिकायत की कि वह ढाकुरिया के झील पार होते हुए एक रिश्तेदार के घर प्रसाद देने जा रही थीं। उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक दिया और हार छीन कर भाग गए। इस घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच डर का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान और तलाश में जुटी हुई है।

# कोलकाता नगर निगम और खड़गपुर आईआईटी की विशेष पहल, बाइपास की होगी स्वास्थ्य जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम ने बाइपास की स्वास्थ्य जांच के लिए खड़गपुर आईआईटी के साथ मिलकर एक विशेष पहल की शुरुआत की है। यह बाइपास, जो उल्टोडांगा से लेकर दक्षिण में कमलगाजी तक लगभग 32 किमी लंबा है, अत्यधिक व्यस्त होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं के लिहाज से भी संवेदनशील है। इस पूरे बाइपास का नियंत्रण कोलकाता नगर निगम के रोड विभाग के पास है, लेकिन अब तक यह नहीं पता चल सका था कि बाइपास के कौन से हिस्से अधिक दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इसका पता लगाने के लिए, कोलकाता नगर निगम ने खड़गपुर आईआईटी के सिविल




इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. वर्गव मैत्रा के साथ विस्तार से चर्चा की और एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि उल्टाडांगा से कमलगाजी तक रोजाना कितने तेज वाहन चलते हैं, इसकी जानकारी कोलकाता पुलिस के ट्रैफिक विभाग से एकत्र की गई है। अब बाइपास के 32 विभिन्न हिस्सों में सड़क की भार वहन क्षमता की जांच की जाएगी। इस परीक्षण का कार्य खड़गपुर आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि सड़क की कंक्रीट परत की स्थिति अगर खराब हो जाती है, तो हल्की बारिश में भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। साथ ही, ट्रैफिक डेटा का विश्लेषण करने के बाद यह पता लगाया जाएगा कि दुर्घटनाएं किस हिस्से में अधिक होती हैं। इस आधार पर सड़क के ढलान और स्पीड कंट्रोल के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। आगामी बुधवार रात से सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा, और यह काम अभिशिक्ता के पास से प्रारंभ हो सकता है। यहां से वाहनों की अधिकतम गति निर्धारित की जाएगी।

## कल्याणी एक्सप्रेसवे पर कार ने स्कूटर को मारी टक्कर, युवती की मौत व एक गंभीर




**कोलकाता, समाज्ञा :** कल्याणी एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुआ। पता चला है कि स्कूटी से सड़क पार करते समय एक चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवती की मौत हो गई। जबकि, उसकी बहन का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना से मथुरापुर इलाके में भारी हड़कंप मच गया है। पुलिस हत्यारे वाहन और चालक की तलाश कर रही है। मृतका की पहचान सम्प्रीति घोष (23) के रूप में की गई है। वह बैरकपुर के निरंजन नगर कॉलोनी की निवासी थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में संप्रीति अपनी बहन श्रुति के साथ स्कूटी पर नैहाटी की ओर जा रही थी। यह दुर्घटना मथुरापुर इलाके में घटी। सड़क पार करते समय पीछे से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने सम्प्रितिस को टक्कर मार दी। दोनों खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों युवतियों को लहूलुहान अवस्था में बैरकपुर के बीएन बोस अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टर ने संप्रीति को मृत घोषित कर दिया। इस बीच, श्रुति की हालत गंभीर में आरजीकर मेडिकल रेफर कर दिया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पहले ही परिवार से संपर्क कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्यारे वाहन की तलाश जारी है।

# गिरिडीह में अवैध हथियार बनाने वाले फैक्ट्री का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता एसटीएफ और रांची एटीएस की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन को दिया अंजाम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की एसटीएफ और रांची एटीएस की संयुक्त टीम ने एक विशेष सूचना के आधार पर अवैध हथियार बनाने वाले फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई झारखंड की गिरिडीह जिला पुलिस की मदद से गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र स्थित चापरियावान गांव में की गई। इस छापेमारी में फैक्ट्री के मालिक मो. दैयमुद्दीन (50) समेत 5 श्रमिकों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें मो. शकील (45), मो. इमरान (30), मो. अफरोज (21), रुपेश शर्मा (24), मो. सोनू (28) शामिल हैं। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री से कई महत्वपूर्ण



सामान बरामद किए गए, जिनमें 10 सेमी-फिनिश्ड 7.65 मिमी इम्प्रोवाइज्ड आर्म्स, एक लेथ मशीन, दो मिलिंग मशीनें, एक ड्रिलिंग मशीन, एक ग्राइंडिंग मशीन, कच्चे माल के रूप में उपयोग होने वाली लोहे की छड़ें और हाथ से काम करने के उपकरण शामिल हैं। स्थानीय पुलिस ने मामले में उपयुक्त कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और इस मामले की जांच जारी है।

## महेशतला में तृणमूल पार्षद की हत्या के लिए 5 लाख की दी गई सुपारी, दो गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के महेशतला में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां तृणमूल पार्षद गोपाल साहा की हत्या की साजिश रची गई थी। आरोप है कि शराब के नशे में मनोज बोस और संजय घोष नामक दो व्यक्तियों ने तृणमूल पार्षद की हत्या के लिए 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। यह घटना 14 फरवरी की है। इस सुपारी की जानकारी पार्षद के समर्थकों तक पहुंचने पर इलाके में हड़कंप मच गया। सत्यता की जांच के लिए पार्षद के समर्थक मनोज बोस के घर पहुंचे, लेकिन मनोज पहले ही छिप चुका था। महेशतला थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संजय घोष उर्फ भोला को गिरफ्तार किया। बाद में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मनोज हावड़ा के बागनान में छिपा हुआ है, और पुलिस ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर जांच में जुटी हुई है।

# स्वरूपनगर सीमा क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रही एक महिला को ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार महिला का नाम हरफिना मिलन सरदार है। बताया गया है कि महिला बिना किसी वैध दस्तावेज के बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रही थी। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार की रात उत्तर 24 परगना के स्वरूपनगर सीमा क्षेत्र में घटी। पुलिस और बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, गत शनिवार की दोपहर महिला स्वरूपनगर में अमुदिया सीमा पर बॉल फील्ड से सटे इलाके में गई थी। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया। वह रात में सीमा के पास गयी, तभी



जवानों ने उसे पकड़ लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी। उसके पास से कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। शुरुआत में पता चला कि वह गुजरात से वहां आई थी। लेकिन, उसके बयानों में कई असंगतियां पाई गई। आगे की पूछताछ से पता चला कि महिला बांग्लादेश से सीमा पार कर आई थी। फिर, वह गुजरात चली गयी और एक कंपनी में काम करने लगे। वह शनिवार को फिर से अवैध रूप से सीमा पार कर बांग्लादेश में प्रवेश करने का प्रयास कर रही थी। बाद में, बीएसएफ ने महिला को स्वरूपनगर थाने की पुलिस को सौंप दिया।

## कल्याणी के मेले में बैलून गैस सिलेंडर फटने से युवती की मौत, तीन घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में कल्याणी थानांतर्गत घोड़ागाछा इलाके में एक मेले में शनिवार की रात तकरीबन 12 बजे गैस बैलून सिलेंडर में विस्फोट होने से एक युवती की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर है और कल्याणी जेएनएम मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृत युवती का नाम मुस्कान मंडल (24) है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुस्कान का एक बच्चा भी है। मृत युवती की सास ने बताया कि खाना खाने के बाद मुस्कान ने उसने कहा कि वह मेले से होकर आ रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घोड़ागाछा स्कूल के मैदान में मिलन मेला चल रही थी। वहां, दो लोग स्थानीय क्लब के बगल में एक स्टॉल पर गैस के गुब्बारे बेच रहे थे। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इस घटना में युवती समेत कुल चार लोग घायल हुए। अस्पताल ले जाते समय युवती ने दम तोड़ दिया। हालांकि, मेले के अधिकारियों का कहना है कि नुकसान बहुत कम हुआ क्योंकि उस समय वहां कम लोग थे। घटना के बाद प्रशासन ने मेले को बंद करने का आदेश दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तीन घायलों में गुब्बारा विक्रेता और उसका भाई शामिल है। कल्याणी थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# नाला निर्माण के विवाद पर पूर्व सेना कर्मी ने पड़ोसी पर तान दी बंदूक, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुईपुर के मल्लिकपुर सुभाष गांव के पंचघड़ा इलाके में दो पड़ोसियों के बीच रविवार की सुबह नाला निर्माण को लेकर हुए विवाद में एक पड़ोसी के दामाद ने दूसरे पड़ोसी पर बंदूक तानकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ में जुटी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मिंटू घरामी और बशीर घरामी के बीच नाला निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद उस समय हिंसक हो उठा जब बशीर के दामाद, खोखन उर्फ अतियार रहमान मोल्ला, ने मिंटू पर बंदूक तान दी और कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। इस दिन, सुबह करीब 9 बजे जब नाली



काटने का काम चल रहा था और बशीर ने इसे रोकने की कोशिश की। स्थानीय पंचायत सदस्य अयूब गाजी ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद खोखन ने आक्रामक रुख अपनाते हुए हथियार की नोक पर मिंटू को धमकाया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। गुस्साए लोगों ने खोखन के घर को घेर लिया, जिसके बाद बारुईपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए खोखन को उसके घर से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। अतियार रहमान मोल्ला के परिवार का कहना है कि वह पूर्व सैन्य कर्मी है और उसने आत्मरक्षा में बंदूक निकाली थी। हालांकि, इस दावे के बावजूद, पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से मलिकपुर में डर और अशांति का माहौल बन गया है।



# गुजरात में टेम्पो ट्रैवलर और डंपर में टक्कर से बंगाल के 5 पर्यटकों की मौत, पांच घायल

**सुरेंद्रनगर/कोलकाता :** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को सड़क दुर्घटना में पांच पर्यटकों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि मृतक पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। चूड़ा थाने के उपनिरीक्षक जेएन गमारा ने बताया कि दुर्घटना रविवार की शाम करीब 4.30 बजे लिंबडी तालुका के नवी मोरवाड़ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि बंगाल के पर्यटकों का समूह टेम्पो ट्रैवलर में यात्रा कर रहा था, तभी वाहन एक डंपर से टकरा गया।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पर्यटकों का समूह दीव, सोमनाथ, द्वारका और सौराष्ट्र की यात्रा से लौट रहा था। यात्रा के दौरान उनका वाहन राजकोट से अहमदाबाद जा रहे एक डंपर से टकरा गया। फिलहाल, पांच घायलों को इलाज के लिए सुरेंद्रनगर के सीयू शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद अहमदाबाद से उनकी फ्लाइट थी। उन्होंने बताया कि दो महिलाओं और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। पांच अन्य को इलाज के लिए जिले के सायला तालुका के एक अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। लिंबडी के डीएसपी ने ईटीवी भारत को फोन पर बताया कि 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच लोगों को पहले इलाज के लिए सायला तथा फिर आगे के इलाज के लिए सुरेंद्रनगर ले जाया गया।

## असम से बंगाल में ड्रग्स तस्करी की योजना नाकाम, करोड़ों रुपये की हेरोइन सहित 3 गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के फराक्का में एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ड्रग्स तस्करी की एक योजना को नाकाम कर दिया। इस घटना में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 1 किलो 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए तस्करों में झारखंड के साहेबगंज थानाक्षेत्र के निवासी मोहम्मद फरमान, अल्ताफ आलम और मोहम्मद अजीज शामिल हैं। ये तस्कर लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे और हाल ही में असम गए थे। उनका उद्देश्य असम से बड़ी मात्रा में हेरोइन लाकर बंगाल के विभिन्न इलाकों में उसकी तस्करी करना था। गुप्त सूचना के



आधार पर एसटीएफ ने इन तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखी और शनिवार रात उन्हें फरक्का स्टेशन पर ट्रेन से उतरते हुए पकड़ा। पुलिस ने तस्करों के इरादों को नाकाम करते हुए उन्हें बस से अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले न्यू फरक्का के पास पेट्रोल पंप के पास गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों को रविवार को जंगीपुर कोर्ट में पेश किया गया।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का 'मारवाड़ी कहावतों का संसार' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से सम्मेलन सभागार में 'मारवाड़ी कहावतें का संसार' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजेंद्र केडिया थे जिन्होंने



कहावतों को संजोने पर बृहद रूप में काम किया है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राजेंद्र केडिया ने कहा कि कहावतें हमारी बातों में सलीका लाते हैं एवं गागर में सागर भरने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थानी भाषा में जितनी कहावतें हैं, विश्व की अन्य भाषाओं में देखने को नहीं मिलते। उनके अनुसार राजस्थानी कहावतें का प्रकाशन प्रथम मे कोलकाता में हुआ। तत्पश्चात 15000 राजस्थानी कहावतों का कोष तैयार किया गया। आज के इस दौर में हमें भाषा और संस्कृति को बचा के रखना है। हमारे खान-पान,रहन-सहन और वेशभूषा में परिवर्तन हुए हैं। हमारे सोच में भी परिवर्तन हुआ है। उन्होंने बताया की कहावतें को हमें सकारात्मक रूप में देखना चाहिए। हर एक कहावतों के पीछे एक कहानी छिपी रहती है। उन कहानी के मर्म को समझ कर ही हम कहावतों का वास्तविक अर्थ समझ सकते हैं। विभिन्न कहावतों के विषय में उन्होंने विस्तार से चर्चा की एवं कई उदाहरण प्रस्तुत किये। उन्होंने अपने वक्तव्य को अत्यंत ही सरलता से प्रस्तुत किया जिसे सभी श्रोताओं ने मंत्र मुग्ध होकर सुना। उनके वक्तव्य के उपरांत उन्होंने श्रोताओं के जिज्ञासा का भी उत्तर दिया। प्रारंभ में समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कहा कि आज राजस्थानी भाषा की मान्यता के साथ-साथ राजस्थानी भाषा का प्रचार प्रसार एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कार्य हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन निरंतर राजस्थानी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने बताया कि राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को भी गत नवंबर माह में पत्र दिया गया है। इसके अलावा राजस्थानी भाषा के व्याकरण पर पुस्तक सम्मेलन कार्यालय मे निशुल्क उपलब्ध रहता है। उन्होने सभी से आग्रह किया कि कम से कम अपने घर में मातृभाषा में ही आपसी वार्तालाप करें। विशेष करके घर के नए बच्चों को राजस्थानी भाषा से परिचय करवायें। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए सम्मेलन सभी सुझावों का स्वागत करता है।

सुप्रसिद्ध साहित्यकार बंशीधर शर्मा ने राजेंद्र केडिया के कार्यों की सराहना की एवं कहा कि उन्होंने कहावतें पर 10 खंड में पुस्तके प्रकाशित करने की योजना बनाई है, जिसमें से दो प्रकाशित हो चुकी है एवं एक प्रकाशाधीन है। यह उनका राजस्थानी साहित्य के लिए अप्रतिम योगदान है। उन्होने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा के प्रारंभ में अरुण प्रकाश मलावत ने केडिया जी का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने किया।कार्यक्रम मे राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री संजय गोयनका, डा.प्रियंकर पालीवाल, संजय बिन्नानी, आत्माराम सोंथालिया, जुगल किशोर जाजोदिया, अमित कहली, राजकुमार अग्रवाल, नीता मुरारका, अमित मुंधड़ा, गौरी शंकर सारड़ा, पियूष क्याल, जे एन मुंधड़ा, अरविन्द कुमार मुरारका, बिनोद बियानी, सांवर मल शर्मा, प्रकाश चंद्र हरलालका, रघुनाथ प्रसाद झुनझुनवाला, पवन बंसल, राम मोहन लखोटिया, राजेंद्र राजा, संजीव कुमार केडिया, संदीप सेकसरिया, संतोष रूंगटा, किरण रूंगटा, दिलीप दारुका, ललिता दारुका, श्रीगोपाल अग्रवाल,श्याम लाल अग्रवाल, नथमल भीमराजका, गोविन्द जैथलिया,नरेंद्र केडिया, ओम बिहानी,बिक्रम सामुई, शुभम राय एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संगोष्ठी का ऑनलाइन प्रसारण किया गया जिसमे देश के अनेक भागों से सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## वार्ड 63 में विभिन्न वर्गों के लोगों ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 63 के स्थानीय निवासियों, पेशेवरों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारत के प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव देखा और सुना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी थे। कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता नवीन मिश्रा ने किया था। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले सुवेंदु अधिकारी ने स्थानीय निवास के लोगों के साथ थिएटर रोड इलाके में शिव मंदिर में पूजा की। शुभेंदु अधिकारी के कार्य से जुड़कर मुझे लोगों में अद्भुत उत्साह महसूस हुआ। अधिकारी ने अपना पूरा समय महाकुंभ की व्यवस्था में बिताया जिसे मीडिया ने प्रकाशित किया। अधिकारी ने 119वें मन की बात कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वार्ड 63 के निवासियों को धन्यवाद दिया।

## सीकर नागरिक परिषद का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा रविवार को भवानीपुर में परिषद का 98वां नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 263 मरीजों की आंखों की जांच एवं सामान्य चिकित्सा की गई। 235 मरीज चश्मे योग्य पाए गए, जिनमें से 163 मरीजों को तुरंत ही चश्मे दे दिया गया और बाकी लोगों को शीघ्र ही चश्मे प्रदान किए जा रहे हैं। 8 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए, जिनके ऑपरेशन शीघ्र ही करवा दिया जाएगा। नेत्र शिविर के साथ सभी मरीजों की सामान्य जांच (ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पल्स आदि) कर जरूरत के अनुसार मरीजों को सामान्य दवाइयां एवं आंखों की दवाइयां दी गईं। ये जानकारियां सह सचिव एवं शिविर संयोजक नवनीत सोढ़ानी ने दी। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद




सोभासरिया ने परिषद की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष अरविंद कुमार बियानी एवं सचिव रवि शंकर सीकरिया ने सेवा शिविर आए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि परिषद का यह प्रयास सामाजिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परिषद बहुत जल्द ही अपने विभेदक चिन्ह 100वें सफलतम शिविर का आयोजन करेंगे। शिविर को सफल बनाने में आदित्य विक्रम बियानी, अंकित चौधरी, आशीष चौधरी, विशेष सराफ, गोपाल सीकरिया, शुभम सिन्हा, राजेश साव, मनोज यादव, राखाल राय एवं उनकी सहयोगी टीम एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग रहा।

## यात्रियों की संख्या देख रेलवे ने नई दिल्ली से प्रयाग के लिए चलाईं पांच अनारक्षित ट्रेनें

**नई दिल्ली/कोलकाता :** रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या की जांच टिकटों की बिक्री और सीसीटीवी कैमरा की लाइव मॉनिटरिंग के माध्यम से की जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर रेल पूर्वोत्तर रेल और उत्तर मध्य रेल के महाप्रबंधकों को विशेष तौर पर हिदायत दी है कि हर स्टेशन पर यात्रियों की संख्या की मॉनिटरिंग की जाए और उसके हिसाब से विशेष गाड़ियां चलाई जाए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की शाम औसत से अधिक यात्री प्रयागराज जाने के लिए आए। रेलवे ने सप्ताहांत में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नई दिल्ली स्टेशन से प्रयाग के लिए समयबद्ध रूप से 5 अनारक्षित ट्रेनें चलाईं। टिकट बिक्री और भीड़ की लगातार निगरानी उच्चतम स्तर पर की गयी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे बोर्ड के वॉर रूम से स्थिति पर नजर रख रहे थे, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार भी रेलवे बोर्ड में ट्रेनों की मॉनिटरिंग करते रहे। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा नई दिल्ली स्टेशन पर मिनी कंट्रोल रूम से नजर रख रहे थे। शनिवार की शाम प्रयागराज के लिए टिकट बिक्री सामान्य से अधिक रही। 18:00 बजे से 19:00 बजे तक प्रयागराज के लिए 2375 टिकटें बिकीं। मांग को देखते हुए प्रयाग के लिए अनारक्षित ट्रेनें हर घंटे चलाई गईं। ट्रेन संख्या 0470 19:00 बजे रवाना हुई। 19:00 बजे से 20:00 बजे तक 2950 टिकटें बिकीं। ट्रेन संख्या 04074, 20:00 बजे रवाना हुई। 20:00 बजे से 21:00 बजे तक 3429 टिकटें बिकीं, ट्रेन 04080, 20:58 बजे रवाना हुई। 21:00 बजे से 22:00 बजे तक 2662 टिकटें बिकीं,ट्रेन 04082, 21:58 बजे रवाना हुई। 22:00 बजे से 23:00 बजे तक 1689 टिकटें बिकीं, ट्रेन 04084, 23:15 बजे रवाना हुई।

❑ **महाकुंभ :** महाकुंभ 2025 के लिए प्रयाग जाने वाले तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए रेल सेवा में वृद्धि की गई है

❑ **सुविधा :** भारतीय रेलवे महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

## महाकुंभ मेले के श्रद्धालुओं के लिए आसनसोल और झूसी के बीच चलेगी एक जोड़ी अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाकुंभ मेला, जो हर 12 साल में एक बार होता है, लाखों श्रद्धालुओं के लिए अत्यधिक धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। इस विशाल आध्यात्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं के आरामदायक और सुरक्षित यात्रा को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने आसनसोल और झूसी के बीच 1 जोड़ी अनरिजर्व्ड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इसके तहत, 03513 आसनसोल-झूसी अनरिजर्व्ड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी को रात 8:00 बजे आसनसोल से रवाना होगी। वहीं, 03514 झूसी-आसनसोल अनरिजर्व्ड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी 2025 को झूसी से रवाना होगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, कीउल जंक्शन, बड़ौनी जंक्शन, बचवारा जंक्शन, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर जंक्शन, छपरा जंक्शन, बलिया, गाजीपुर सिटी, आउरनिहार जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इस ट्रेन में 18 अनरिजर्व्ड जनरल क्लास कोच होंगे, जिससे श्रद्धालुओं को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

## आसनसोल डिवीजन ने कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रमों का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन ने हाल ही में अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया। 20 फरवरी को ट्रेन नंबर 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस के खाद्य सुरक्षा कर्मचारियों के लिए एक व्यापक खाद्य हैंडलिंग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व आसनसोल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी ए.के. पारिया ने किया। जिसमें 17 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई और खाद्य सुरक्षा के मानकों को बनाए रखने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी दिन, डिवीजनल रेलवे अस्पताल द्वारा जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, भुली में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 167 कर्मचारियों,




सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में डॉ. रजनी सिन्हा और अन्य विशेषज्ञों ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझते हुए आसनसोल डिवीजन ने मोटरमेन के लिए एक काउंसलिंग कार्यक्रम की शुरुआत की है। पहला सत्र 12 फरवरी को हुआ, जिसमें 15 मोटरमेन ने हिस्सा लिया। यह पहल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को समर्थन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आसनसोल डिवीजन अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगा।

## हावड़ा डिवीजन के रिवेरा में कार्यकारी स्वास्थ्य जांच शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने रविवार को रिवेरा में एक कार्यकारी स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देबाशिष गुहा की मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की समर्पित टीम ने उपस्थित लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इस स्वास्थ्य शिविर में व्यापक सेवाओं का आयोजन किया गया, जिसमें नियमित और विशेष रक्त परीक्षण, पैप स्मीयर, ईसीजी मूल्यांकन, और मैमोग्राफी के लिए पंजीकरण शामिल थे। हावड़ा डिवीजनल रेलवे मैनेजर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस स्वास्थ्य जांच शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। हावड़ा डिवीजनल रेलवे अस्पताल अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में स्वास्थ्य पहलों को लगातार बढ़ावा दे रहा है, जिससे कार्यस्थल में सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल उपायों की महत्वता को और भी मजबूत किया जा रहा है।

## मनीषिका के वर्ल्ड थिंकिंग डे में सभी हुए भाव विभोर

### स्काउट बच्चों को जीवन में संस्कारित जीवन जीने, देशभक्ति की प्रेरणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मनीषिका की ओर से वर्ल्ड थिंकिंग डे के अवसर पर कई विद्यालयों में प्रतियोगिताओं में विजेता पुष्करलाल केडिया स्काउट एण्ड गाइड्स ग्रुप के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रमुख अतिथि वायु सेना पदक से अलंकृत विंग कमांडर डी जे क्लेर, समाजसेवी मनमोहन केडिया, भारत स्काउट एण्ड गाइड्स के कोलकाता डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर अरूप चक्रवर्ती, संगीता केडिया, राहुल जालान, कुमकुम सिंह एवं अतिथियों का स्वागत पवन केडिया, मोहन केडिया, गणेश सिंह, विनय पाण्डे, उत्सव वर्मा, सोनी गुप्ता, सौरभ झा, ऋषिका पण्डित, दाऊलाल बागड़ी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। विंग कमांडर डी जे क्लेर ने देशभक्ति की प्रेरणा देते हुए सन 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारतीय सैन्य अधिकारियों के शौर्य, पराक्रम की यादें ताजा की। डी जे क्लेर ने



स्काउट बच्चों को जीवन में अनुशासन से माता-पिता के मार्गदर्शन में संस्कारित जीवन जीने तथा देशभक्ति की प्रेरणा दी। मनमोहन केडिया ने श्रद्धेय पुष्करलाल केडिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुष्कर लाल जी ने कार्यकर्ताओं, स्काउट का सदैव मार्गदर्शन किया। अरूप चक्रवर्ती ने वर्ल्ड थिंकिंग डे पर अपने विचार व्यक्त किये। स्काउट बच्चों ने पिरामिड एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति से भाव विभोर किया। मनीषिका के सचिव अमित केडिया ने बताया कि संस्था हिन्दू धर्म का वैज्ञानिक आधार एवं सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजनों से बच्चों, युवा वर्ग को संस्कारित करने के उद्देश्य से सक्रिय है। उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आसनसोल-मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस के समय में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन ने परिचालन संबंधी कारणों से ट्रेन संख्या 12361 आसनसोल-मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव किया है। यह ट्रेन पहले 23 फरवरी 2025 को 19:40 बजे आसनसोल से चलने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 फरवरी को सुबह 07:00 बजे रवाना किया जाएगा। इस बदलाव के कारण यात्रियों को असुविधा हो सकती है, इसलिए रेलवे प्रशासन ने उन्हें इस परिवर्तन की सूचना दी है ताकि वे अपनी यात्रा की योजना को नए समय के अनुसार बना सकें। पूर्वी रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस समय परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर लें। इसके अलावा, रेलवे प्रशासन ने यात्री सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर ऐसी योजनाओं को लागू किया है।

## न्यू एलेनबेरी कंपनी के श्रमिकों ने हाजरा रोड में रामायण पाठ और अष्टयाम का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू एलेनबेरी कंपनी के श्रमिकों द्वारा हाजरा रोड स्थित कंपनी के प्रांगण में शनिवार को एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ अंचल के विधायक देवाशीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में रामायण



पाठ, 24 घंटा अष्टयाम और भोग वितरण का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर संगठन के महासचिव अशोक कुमार मिश्रा, श्रमिक नेता संतोष सिंह, राहुल पांडेय, महंगू सिंह, शैलेंद्र सिंह, समाजसेवी संतोष सिंह, विकास रजक, सुनिल राय, भोला तिवारी, संजित सिंह, साकेत पाठक, अवध किशोर सिंह और राजू राय उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजित शुक्ला, अजित गीरी, राजीव बारिक, बी पाण्डा, दयानंद झा, सत्यन चौधरी, मधुदेव नाथ, बबलू भगत, रजत मजूमदार, राजेश सिंह और ओमकार गिरी का महत्व-पूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन ने सामाजिक और धार्मिक एकता की मिसाल पेश की और श्रमिकों के बीच एकजुटता और समर्पण की भावना को और मजबूत किया।

## सरदारशहर परिषद और महावीर सेवा सदन ने मिलकर दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरदारशहर परिषद कोलकाता द्वारा रविवार को महावीर सेवा सदन के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 75 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (पांव) वितरित किए गए। यह आयोजन महावीर सेवा सदन के प्रांगण में




सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोलछा, उपाध्यक्ष दिनेश चोरड़िया, मंत्री अमित तातेड़, कोषाध्यक्ष अजय पींचा, सुपर संयोजक हामीर मल सेठिया, संयोजक उमेद सेठिया, अजीत सेठिया, बाबूलाल श्यामसुखा, और परिषद के वरिष्ठ सदस्य केदारनाथ झवर, जतन बरड़िया, पारस बोथरा, मनीष सेठिया, मनीष चोरड़िया सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। महिला विंग से मंजु बरड़िया, नीलम चोरड़िया, सुनिता सेठिया, शशि सेठिया, अरुणा श्यामसुखा, शीतल गोलछा, प्रभा तातेड़, निधि सेठिया, दिशा चोरड़िया समेत कई सदस्याओं ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रही। महावीर सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष जेएस मेहता साहब और डॉक्टर नेविटिया, हमीर मल सेठिया आदि अनेक महानुभावों ने इस कार्य के लिए सरदारशहर परिषद को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आदरणीय बछराज चोरड़िया जी को भी याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोलछा ने महावीर सेवा सदन के साथ भविष्य में और भी सेवा कार्य करने की स्वीकृति दी। मंत्री अमित तातेड़ ने इस कार्य को अद्भुत बताते हुए दानदाताओं को धन्यवाद दिया और महावीर सेवा सदन के साथ भविष्य में स्थायी कार्य करने की इच्छा जताई। कोषाध्यक्ष अजय पींचा सहित पूरी महिला विंग ने महावीर सेवा सदन को सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जतन बरड़िया ने किया।

# विराट के बल्ले ने एक बार फिर लिखी पाकिस्तान पर यादगार जीत की दास्तान

**दुबई :** आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी।जीत के लिये 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिये दो रन और विराट को शतक के लिये चार रन चाहिये थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई। और इसके साथ ही टीवी पर नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी खुशी से झूम उठे। लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराये।इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया।पिछले कुछ अर्से से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42 . 3 ओवर में जीत तक पहुंचाया।



## अहम मुकाबले में इस तरह से बल्लेबाजी करना खास रहा : कोहली

वनडे क्रिकेट में 51वां शतक जड़कर पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में भारत को जीत दिलाने वाले विराट कोहली ने कहा कि सेमीफाइनल के लिए जगह तय करने वाले अहम मैच में इस तरह से बल्लेबाजी करना शानदार रहा। इस जीत के साथ भी भारतीय टीम की सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की हो गयी जबकि पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' कोहली ने पुरस्कार समारोह में कहा, 'किसी महत्वपूर्ण मैच में इस तरह से बल्लेबाजी करना अच्छा लग रहा है। इस मैच से सेमीफाइनल के लिए जगह दाव पर था। रोहित के आउट होने के बाद मेरा काम स्पष्ट था। मुझे बीच के ओवरों पर नियंत्रण बनाये रखना था। मुझे स्पिनरों के खिलाफ जोखिम नहीं लेना और तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाना था।' कोहली ने खुशदिल शाह के खिलाफ चौका लगाकर अपना शतक पूरा करने के साथ भारत को यादगार जीत दिलायी।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में खत्म हो गया हमारा अभियान : रिजवान

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने रविवार को स्वीकार किया कि भारत से मिली हार के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में उनकी टीम का अभियान लगभग खत्म हो गया। भारत से मिली छह विकेट से हार पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार है। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड का सेमीफाइनल में पहुंचना तय लग रहा है। पाकिस्तान को आखिरी लीग मैच बांग्लादेश से खेलना है। रिजवान ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'हम कह सकते हैं कि हमारा अभियान लगभग खत्म हो गया। हमें दूसरे मैचों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। एक मैच बाकी है तो उम्मीद बची है। एक कप्तान के तौर पर मुझे ऐसे हालात पसंद नहीं है। हमारी तकदीर हमारे हाथ में होनी चाहिये थी।' उन्होंने भारत खासकर 51वां वनडे शतक जमाने वाले विराट कोहली को जीत का श्रेय दिया।उन्होंने कहा,'वह इतनी मेहनत करते हैं जिसे देखकर मैं दंग हूं। पूरी दुनिया कह रही थी कि वह फॉर्म में नहीं है लेकिन इतने बड़े मैच में इतने आराम से रन बनाये। उनकी फिटनेस और अनुशासन काबिले तारीफ है। हमने उन्हें आउट करने की बहुत कोशिश की लेकिन कर नहीं सके।'

## प्रो लीग : जीत के क्रम को इंग्लैंड के खिलाफ दोहराने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**भुवनेश्वर:** आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4 . 1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नये सत्र में आशातीत शुरूआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3 . 1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2 . 0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4 . 1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढा होगा।

## मोहन बागान एसजी आईएसएल खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनी



**कोलकाता:** मोहन बागान सुपर जाइंट्स रविवार को यहां ओडिशा एफसी पर 1–0 से जीत के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इतिहास में लीग शील्ड खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बन गई। आईएसएल शील्ड हासिल करने के साथ ही मोहन बागान ने महाद्वीप की दूसरी स्तरीय क्लब प्रतियोगिता एएफसी चैंपियंस लीग 2 में भी अपना स्थान पक्का कर लिया। मेजबान टीम की जीत में स्थानापन्न मिडफील्डर दिमित्री पेट्राटोस ने 90+3वें मिनट में एकमात्र गोल दागा। पेट्राटोस को निर्णायक गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मौजूदा सत्र में 22वें लीग मैच में जीत के बाद मोहन बागान के नाम 52 अंक हो गये है। टीम ने हालांकि दो मैच शेष रहते हुए लीग शील्ड को अपने नाम कर लिया। मोहन बागान 22 मैचों में 16 जीत, चार ड्रा और दो हार से 52 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि ओडिशा एफसी 22 मैचों में सात जीत, आठ ड्रा और सात हार से 29 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर बनी हुई है। मोहन बागान की निकटतम प्रतिद्वंद्वी एफसी गोवा के नाम 21 मैचों से 42 अंक हैं। गोवा की टीम अपने शेष तीन मैच जीतने पर भी मोहन बागान की बराबरी नहीं कर पायेगी। मोहन बागान की टीम ने 2023–24 सत्र में 50 अंकों के साथ लीग शील्ड जीती थी।

## बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान मैच से पहले आईसीसी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया



**दुबई:** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार भी शामिल है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए 'टीम कैप (टोपी)' भी सौंपी गयी। आईसीसी ने इन चार पुरस्कारों में से प्रत्येक के साथ इस 31 साल के खिलाड़ी की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'जसप्रीत बुमराह को शानदार 2024 के लिए आईसीसी पुरस्कार और वर्ष की टीम कैप प्राप्त हुई।'बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले रविवार को अभ्यास के दौरान भारतीय टीम के अपने साथियों से भी मुलाकात की थी। बुमराह के लिए पिछला टेस्ट सत्र शानदार रहा था। उन्होंने 13 मैचों में 71 विकेट लिए थे। साल 2024 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास इंग्लैंड के गस एटकिंसन का था। जिन्होंने 11 मैचों में 52 विकेट लिए थे।बुमराह ने 2024 में टेस्ट में 14.92 की औसत से विकेट चटकाये और साल का अंत 30.1 के स्ट्राइक रेट के साथ किया। वह इस दौरान कपिल देव, अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के बाद एक कैलेंडर वर्ष में खेल के पारंपरिक प्रारूप में 70 या अधिक विकेट लेने वाले केवल चौथे भारतीय गेंदबाज बने।

## न्यूज अपडेट

### न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल सीट पर, उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा बांग्लादेश




**रावलपिंडी:** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में सोमवार को यहां हार से शुरुआत करने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ बांग्लादेश को अपने पहले मैच में भारत के हाथों छह विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसका नेट रन रेट भी खराब है और उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा आरसीबी

**बेंगलुरु:** कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। भारतीय उप कप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। आरसीबी की टीम हालांकि दीप्ति शर्मा की अगुवाई वाली टीम को किसी भी तरह से हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी जो सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से भरी है। मंधाना की अगुवाई वाली टीम ने अपने पहले दोनों मैच जीत कर इस सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन पिछले मैच में उसे हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके खिलाड़ी पिछली हार को भूलकर जीत की राह पर लौट के लिए प्रतिबद्ध होंगे। आरसीबी अभी तीन मैच में पांच अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है और उसका नेट रन रेट भी अच्छा है। दूसरी तरफ वॉरियर्स का प्रदर्शन अभी तक बहुत अच्छा नहीं रहा है और वह तीन मैच में से केवल एक मैच जीत पाई है। उसकी टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। वॉरियर्स की टीम हालांकि अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार का बदला चुकता करने में सफल रही थी और आरसीबी के खिलाफ वह अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

### कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने

**दुबई:** भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले के दौरान इतिहास रच दिया और वह सचिन तेंदुलकर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली अब एक दिवसीय क्रिकेट में 14000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (18246) और श्रीलंका के कुमार संगकारा (14234) उनसे आगे हैं।कोहली ने 287 पारियों में 14000 रन पूरे किये जबकि तेंदुलकर ने 350 और संगकारा ने 378 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। कोहली और तेंदुलकर दोनों ने पाकिस्तान के खिलाफ ही 14000वां रन बनाया।

### निराश हूं कि भारतीय टीम पाकिस्तान में नहीं खेल रही : पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी

कराची: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने दोहराया है कि चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच तटस्थ स्थान पर खेलने के भारत के फैसले से वह निराश है लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि 29 साल में पहली बार पाकिस्तान में हो रहा आईसीसी टूर्नामेंट देश में खेल के लिये एक स्थायी विरासत छोड़ेगा। भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से अपने मैच दुबई में खेल रही है। नकवी ने भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में मैच देखने रवाना होने से पहले कहा,'हम टूर्नामेंट की विश्व स्तरीय मेजबानी करने पर फोकस कर रहे हैं। बेशक भारत का पाकिस्तान में नहीं खेलना निराशाजनक है। 'उन्होंने कहा,'यह निराशाजनक है , सिर्फ पीसीबी के लिये ही नहीं बल्कि दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमियों,आईसीसी, व्यावसायिक साझेदारों और अन्य प्रतिभागी देशों के लिये भी।'

समाज्ञा व्यापार

# सोने ने इस साल अबतक दिया 11 प्रतिशत का रिटर्न, पर नये निवेश को लेकर सतर्क रहने की जरूरत: विशेषज्ञ



**नयी दिल्ली:** सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बॉन्ड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है। इस साल सोने का दाम कुल 11.20 प्रतिशत चढ़ा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज सर्विसेज लि. के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस शोध) मानव मोदी ने पीटीआई–भाषा से कहा, ''इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। हालांकि, कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए, इस स्तर पर सोने में नया निवेश करते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है।'' मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'एमसीएक्स वायदा में सोना इस साल के पहले 50 दिन में ही 11.2 प्रतिशत की अच्छी बढ़त के साथ 77,500 रुपये से बढ़कर 86,200 हो गया हैं। पिछले साल, सोने में लगभग 27 प्रतिशत का उछाल आया था। इसका मतलब है कि जनवरी, 2024 से अब तक इसमें 38 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस तेज उछाल को देखते हुए, मौजूदा स्तर पर नया निवेश करना शायद बहुत अच्छा विचार न हो।' कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कोलिन शाह ने कहा, 'सोना ऐसी संपत्ति श्रेणी में है जो हमेशा ही रिटर्न देता रहा है। चाहे महंगाई हो या आर्थिक अनिश्चितता, सोने ने निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए एक मजबूत ढाल प्रदान किया है। इसलिए, इस वर्ष के केवल दो महीनों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ, सोना निश्चित रूप से वर्तमान समय में निवेश और रिटर्न के मामले में एक बहुत ही पसंदीदा और उपयुक्त विकल्प है।' यह पूछे जाने पर कि शेयर और बॉन्ड तथा अन्य निवेश उत्पादों की तुलना में सोना बेहतर निवेश विकल्प है या निवेशकों को संतुलन बनाना चाहिए, कलंत्री ने कहा, ''हाल के वर्षों में, सोने ने इक्विटी और बॉन्ड दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर रुपये के साथ, यह रुख जारी रहने की संभावना है। हालांकि, कोष आवंटन निवेशकों के उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए।'

## एसबीआई का लक्ष्य 2055 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना : शेट्टी

**मुंबई:** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने रविवार को कहा कि बैंक 2055 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन होने का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि उस समय बैंक अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाएगा। एक बयान के अनुसार, शेट्टी ने वित्तीय राजधानी मुंबई में 'एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन–5' कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने के बाद यह टिप्पणी की। यहां आयोजित इस प्रतियोगिता में पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर वर्ग में 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। विशाखापट्टनम, लखनऊ, चंडीगढ़, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, भुवनेश्वर और पटना में भी इसी तरह के आयोजन की योजना बनाई गई है।

## असम मंत्रिमंडल ने व्यापार सम्मेलन से पहले 1.22 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने कहा है कि असम मंत्रिमंडल ने राज्य व्यापार शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण से पहले रविवार को 1.22 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि यहां 'एडवांटेज असम–2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के दौरान हस्ताक्षरित होने वाले सभी सहमति पत्रों की मंत्रिमंडल द्वारा 'उचित जांच की जाएगी और फिर उन्हें मंजूरी दी जाएगी।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने 45,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) को खारिज कर दिया क्योंकि ये 'कमजोर आधार' पर पाए गए। उन्होंने कहा, हम लोगों के बीच अनावश्यक उत्साह पैदा नहीं करना चाहते, हम उचित और तर्कसंगत होना चाहते हैं। उन्होंने मंत्रिमंडल पर कहा कि मंजूरी से पहले सभी प्रस्तावों पर विचार किया गया था। दो दिवसीय 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन 25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में भारत के शीर्ष उद्योगपतियों के साथ–साथ लगभग 60 देशों के राजदूतों और कई देशों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा, कैबिनेट ने आज 1.22 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को मंजूरी दी और इनके बारे में विस्तृत जानकारी शिखर सम्मेलन के दौरान साझा की जाएगी। हमने तय किया था कि सुअर पालन क्षेत्र में कोई एमओयू नहीं होगा। इसके अलावा, हथकरघा और कपड़ा से लेकर बिजली, उद्योग और खानों और खनिजों तक विभिन्न क्षेत्रों में एमओयू को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत समझौता ज्ञापनों के अलावा शिखर सम्मेलन के दौरान कुछ कंपनियों द्वारा निवेश की घोषणा भी होने की संभावना है। शर्मा ने कहा कि शिखर सम्मेलन के माध्यम से घोषित किए जाने वाले समझौता ज्ञापनों और निवेशों को मोटे तौर पर चार खंडों– निवेश के लिए घोषणाएं, बुनियादी ढांचे के लिए घोषणाएं, वित्तीय समझौता ज्ञापन और गैर–वित्तीय समझौता ज्ञापन में वर्गीकृत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ निवेश घोषणाएं सरकारी क्षेत्र द्वारा, कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा तथा कुछ निजी पक्षों द्वारा भी की जाएंगी।

## भारत-ब्रिटेन प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर 24 फरवरी से फिर बातचीत शुरू करेंगे

**नयी दिल्ली:** भारत और ब्रिटेन आठ महीने से अधिक के अंतराल के बाद 24 फरवरी से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर बातचीत फिर शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स बातचीत फिर शुरू करने के लिए भारत में होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि वह वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। भारत–ब्रिटेन एफटीए वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। दिसंबर, 2023 तक कुल 13 दौर की बातचीत हो चुकी है। 14वां दौर 10 जनवरी, 2024 को शुरू हुआ था। मई, 2024 में ब्रिटेन में चुनाव की वजह से यह रुक गया था। अधिकारी ने कहा कि बातचीत पहले हासिल हो चुकी प्रगति से आगे के लिए होगी। वार्ता के जरिये हमारा प्रयास लंबित मुद्दों को हल करना और तेजी से व्यापार करार को अंतिम रूप देना है। भारत–ब्रिटेन एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे समझौतों में, दो देश अपने बीच व्यापार किए जाने वाले अधिकतम उत्पादों पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। वे सेवाओं और द्विपक्षीय निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022–23 के 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023–24 में 21.34 अरब डॉलर हो गया। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, कपड़ा, परिधान, जूते, कालीन, कार, समुद्री उत्पाद, अंगूर और आम सहित विभिन्न वस्तुओं को समझौते से लाभ होगा क्योंकि इन उत्पादों पर ब्रिटेन में अपेक्षाकृत कम से मध्यम शुल्क लगता है।

## अदाणी समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 58,104 करोड़ रुपये का कर चुकाया

**नयी दिल्ली:** विविध क्षेत्र में कार्यरत अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023–24 में 58,104 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। समूह ने वित्त वर्ष 2022–23 में 46,610 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया था। अदाणी समूह ने बताया कि भुगतान किए गए करों में वैश्विक कर, शुल्क और अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनियों द्वारा वहन किए गए अन्य शुल्क, अन्य हितधारकों की ओर से जुटाए और भुगतान किया गया अप्रत्यक्ष कर योगदान और शुल्क और कर्मचारियों के लाभ के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान शामिल हैं। अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह ने वित्त वर्ष 2023–24 (अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024) के लिए अपनी कर पारदर्शिता रिपोर्ट जारी की है। समूह ने बयान में कहा, वित्त वर्ष




2023–24 के लिए अदाणी समूह का कुल वैश्विक कर और राजकोष में अन्य योगदान 58,104.4 करोड़ रुपये था, जो सूचीबद्ध इकाइयों के अपने पोर्टफोलियो के माध्यम से इससे पिछले वित्त वर्ष 2022–23 के 46,610.2 करोड़ रुपये की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों – अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स द्वारा प्रकाशित स्वतंत्र रिपोर्टों में इसका विवरण दिया गया है। इस आंकड़े में तीन अन्य सूचीबद्ध कंपनियों – एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज द्वारा चुकाया गया कर भी शामिल है, जो सात कंपनियों के पास है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, भारत के राजकोष में हम खुद को सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक मानते हैं कि हमारी ज़िम्मेदारी अनुपालन से कहीं बढ़कर है। यह ईमानदारी और जवाबदेही के साथ काम करने के बारे में भी है। हमारे देश के वित्त में हमारा हर एक रुपया पारदर्शिता और सुशासन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4159 अंक 309, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in